कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर संभाग, जयपुर

क्रः–संनि/जय/स्कू.शि./जय/फा–निजी/2020/331 दिनांकः– 08.12.2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, अलवर, दौसा तथा जयपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा./मा.) मुख्यालय समग्र शिक्षा, अलवर, दौसा तथा जयपुर

मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी समस्त जयपुर संभाग, जयपुर

विषय :– दिनांक 16.12.2020 को एक दिवसीय वृहद् एवं पूर्व सूचित पर्यवेक्षण कार्यक्रम के क्रम में।
प्रसंग :– श्रीमान संभागीय आयुक्त, महोदय जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के पत्रांक प.4(8)()/विकास/2020/652 दिनांक 04.12.2020 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्रीमान् संभागीय आयुक्त महोदय जयपुर द्वारा दिनांक 04.12.2020 को संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में संभागीय आयुक्त महोदय, जयपुर द्वारा निर्देशित किया गया :–

- समस्त संभागीय/जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जिलों/ब्लॉक में एक ही दिवस में राजकीय विद्यालय, राजकीय कार्यालय, संस्थान में पंचायतीराज/नगरपालिका चुनाव के उपरान्त दिनांक 16.12.2020 को एक दिवसीय वृहद् व पूर्व सूचित पर्यवेक्षण कार्यक्रम रखना सुनिश्चित करें।
- इसमें विद्यालय, राजकीय कार्यालय, संस्थान की साफ–सफाई एवं नकारा सामान का निस्तारण के अतिरिक्त मुख्य रूप से निम्नलिखित विभागीय कार्यों का अवलोकन पर्यवेक्षण किया जायेगा :–
  1. लम्बित प्रकरणों की समीक्षा।
  2. विभागीय लक्ष्यों/कार्यों की समीक्षा।
  3. कार्य निष्पादन।
- उक्त अवलोकन पर्यवेक्षण के लिए श्रीमान् संभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा विभाग को अवलोकन/पर्यवेक्षण प्रपत्र गुगल शीट में उपलब्ध करवाया जायेगा, जिससे विजिट करने वाले समस्त विभागीय अधिकारी इसके माध्यम से विजिट रिपोर्ट भेज सकेगें और रिपोर्ट automatically compile हो जायेगी।
- इस संबंध में श्रीमान् संभागीय आयुक्त महोदय, जयपुर द्वारा दिनांक 04.12.2020 को ली गई संभाग स्तरीय बैठक का कार्यवाही विवरण आपको पूर्व में भिजवाया जा चुका है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने तथा अपने अधीनस्थ कार्यालय/विद्यालय में निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही हेतु आप स्वयं व्यक्तिशः उत्तरदायी होगे।

www.rajsevak.com

(रतन सिंह यादव)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
जयपुर संभाग, जयपुर

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. निजी सचिव, श्रीमान संभागीय आयुक्त, जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
जयपुर संभाग, जयपुर